>

Title: Need to release funds for payment of stipend to children under National Child Labour Project in Udaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्री रघुवीर सिंह मीणा (उदयपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर, राजस्थान में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के अंतर्गत बाल श्रमिक परियोजना (एनसीएलपी) चल रही है। इस परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2006 से 30 अप्रैल, 2010 तक 79 बाल श्रमिक विशेष विद्यालय संचालित किए गए थे। प्रत्येक विद्यालय में 50 बाल श्रमिक नामांकित किए गए थे। विद्यालयों में नामांकित प्रत्येक बाल श्रमिक को रु. 100/- प्रतिमाह स्टाईपेण्ड दिए जाने का प्रावधान है। यह स्टाईपेण्ड प्रत्येक बाल श्रमिक के नाम से बैंक/पोस्ट ऑफिस में खुलवाए गए बचत खाते में जमा कराया जाता है। मुझे जिलाधिकारी, उदयपुर से जानकारी मिली है कि वर्ष 2006-07 और 2007-08 के स्टाईपेण्ड का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है लेकिन केन्द्र के श्रम मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 के लिए अनुदान राशि जारी नहीं किए जाने के कारण बाल श्रमिकों को इन वर्षों की स्टाईपेण्ड राश का भुगतान नहीं किया जा सका है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि इन दो वर्षों की अनुदान राशि राज्य को तुरन्त जारी की जाए ताकि बाल श्रमिकों को उनके बकाया स्टाईपेण्ड का भुगतान शीघ्र किया जा सके।